प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

"मुख्य समाचार"

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा–विकसित भारत जी–राम–जी अधिनियम से ग्रामीण विकास को मिलेगी नई गति।
- प्रदेश में हवाई सेवाओं की मजबूती के लिए राज्य सरकार ने दिल्ली–शिमला व शिमला–धर्मशाला मार्ग पर हवाई सेवाओं के नियमित संचालन का लिया निर्णय।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर विधायक प्राथमिकता के मामले में पक्षपात करने का लगाया आरोप।
- मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कहा–प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था व विकास में नाबार्ड का अतुलनीय योगदान।
- प्रदेश में हुई बर्फबारी के बाद 4 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 8 सौ 85 सड़कें यातायात के लिए बाधित– 3 हजार 2 सौ से अधिक बिजली ट्रॉसफार्मर ठप्प।

राष्ट्रपति अभिभाषण

संसद का बजट सत्र आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया है। बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास के लिए विकसित भारत जी–राम–जी कानून लागू किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि नए कानून के अंतर्गत गांव में एक सौ 25 दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की गई है।

*विकसित भारत जी राम जी कानून बनाया गया है, लेही रिफॉर्म से गांव में 125 दिन के रोजगार की गरेंट होगा, साथ ही भ्रष्टाचार और लीकेज को रोकना सुनिश्चित हो पाएगा।*

राष्ट्रपति ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विश्व ने भारतीय सेना की वीरता और पराक्रम को देखा है। उन्होंने कहा कि देश ने अपने संसाधनों का उपयोग करते हुए आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार की सुदृढ़ नीतियों और पहलों के कारण देश में कृषि उत्पादन में तीव्र वृद्धि हुई है। खाद्य और बागवानी फसलों का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है।

*वर्ष 2024–25 में खाद्यानो और बागवानी की फसलों में रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है, सरकार इन फसलों का भी उत्पादन बढ़ाने के लिए काम कर रही है, जिसमें अभी तक हमारा कृषि क्षेत्र पीछे था, सरकार की मंशा है कि इससे कृषि उत्पादकों का आयात भी कम हो, खाद्य तेल, तिलहन और दोलन से जुड़े नेशनल मिशन के कारण इन क्षेत्रों में देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, इसके बल पर 2024–25 में देश में ऑयल सीड फसलों का उत्पादन भी बड़ा है।*

हवाई सेवा

प्रदेश में हवाई सेवाओं को मजबूत करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिगत राज्य सरकार ने दिल्ली–शिमला और शिमला–धर्मशाला मार्ग पर हवाई सेवाओं के नियमित संचालन का निर्णय लिया है। यह उड़ानें सप्ताह भर संचालित होंगी और इनका निरंतर संचालन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर साल 31 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। एक सरकारी प्रवक्ता ने शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि बेहतर हवाई सेवाओं से पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा और राज्य के समग्र आर्थिक विकास में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि नियमित हवाई सेवाओं के संचालन से यात्रा का समय घटेगा और पर्यटकों, व्यापारियों व आम लोगों के लिए सुगम आवागमन का साधन सुनिश्चित होगा।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार विधायक प्राथमिकता के मामले में पक्षपात कर रही है और विपक्ष के विधायकों के कार्यों को जानबूझ कर नजरअंदाज किया जा रहा है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का तीन साल का कार्यकाल पूरा हो गया है लेकिन सरकार विपक्षी विधायकों द्वारा दी गई विधायक प्राथमिकता को कोई तरजीह नहीं दे रही है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि अगर सरकार का इसी तरह का रवैया रहा तो भाजपा विधायक आगामी विधायक प्राथमिकता बैठकों का बहिष्कार करेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में ये पहली बार हुआ है जब विधायकों की विधायक निधि व ऐच्छिक निधि भी रोक दी गई है। उन्होंने सरकार से दलगत राजनीति से उठ कर विधायकों की विधायक निधि व ऐच्छिक निधि तत्काल प्रभाव से जारी करने की मांग की है।

शोक

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार का आज सुबह बारामती में हुए विमान हादसे में निधन हो गया है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अजीत पवार के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने कहा कि अजीत पवार का असामयिक निधन न केवल महाराष्ट्र के लोगों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अजीत पवार एक अनुभवी राजनेता थे और उन्होंने महाराष्ट्र के विकास के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया जिससे सदैव याद रखा जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी अजीत पवार के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है।

नाबार्ड सेमिनार

मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और विकास में राष्ट्रीय कृषि व ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड का अतुलनीय योगदान है। वे आज शिमला में नाबार्ड के स्टेट क्रेडिट सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। संजय गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यस्था के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है और नाबार्ड के सहयोग से इस दिशा में बेहतरीन कदम उठाए जाएंगे।

मुख्य सचिव––*छोटा स्टेट है वर्ल्ड का क्रंच यहां रहता है, उसमें नाबार्ड सबसे ज्यादा मददगार हमें रहता है। भारत सरकार की स्कीमस जो है उससे भी लाभ मिलता है और नाबार्ड का तो विशेष हमको जरूरत होती है कि जो ज्यादा से ज्यादा हम कैपिटल इंटेंसिव जो हमारे खर्चे होते हैं वह हम इस से बियर करते हैं।*

इस अवसर पर नाबार्ड के चीफ जनरल मेनेजर विवेक पठानिया ने बताया कि वित्त वर्ष 2026–27 के लिए प्रदेश में नाबार्ड की ओर से 45 हजार 8 सौ 9 करोड़ 93 लाख रूपए की ऋण क्षमता रखी गई है। ––बाईट––विवेक पठानिया––2 **साल से हम देख रहे हैं कि हिमाचल में एमएसएमई सेक्टर का क्रेडिट ऑप्टिक बहुत अच्छा हो रहा है।39 हजार का जो अगले साल का क्रेडिट पोटेंशियल जो हमने असेस किया उसमें से जो है उसमें से 53% जो है एमएसएमई सेक्टर के लिए रखा गया है और 38 परसेंट हमारा का हमारा एग्रीकल्चर का है। जो मेजोरिटी ऑफ थे असेंबली यूनिट है वो माइक्रो इंटरप्राइजेज हैं। इसलिए हमने एग्स किया है कि इंडस्ट्री एस्टेट है न वो इंडस्ट्री स्पेसिफिक होने चाहिए।**

मौसम

प्रदेश के ऊँचाई वाले क्षेत्रों में बीते 24 घंटो के दौरान हुई ताजा बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में वर्षा से समूचा प्रदेश शीतलहर की चपेट में हैं।

भारी बर्फबारी के चलते प्रदेश में चार राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 8 सौ 85 सड़कें यातायात के लिए बंद है। इसके अलावा तीन हजार 2 सौ 37 बिजली ट्रांसफार्मर ठप्प होने से कई स्थानों पर विद्युत आपूर्ति भी बाधित है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज शिमला में बताया कि प्रशासन द्वारा सड़कों को खोलने और विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बर्फबारी व वर्षा से प्रदेश के किसानों और बागवानों को विशेष लाभ मिलेगा। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य के उच्च व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की बर्फबारी व बारिश की संभावना जताई है। उधर कुल्लू जिला के मनाली उपमंडल में खराब मौसम को देखते हुए कल 29 जनवरी को भी सभी शिक्षण संस्थान बंद रहेगें।

धनीराम शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कृत संकल्प है।

वे आज सोलन जिला में कंडाघाट विकास खंड की क्वारग पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण अवसर पर एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि क्वारग में लगभग दो सौ करोड़ रुपए की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर दिव्यांगजन का निर्माण किया जा रहा है।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि बिलासपुर जिला में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष कौशल प्रशिक्षण अभियान चलाया जाएगा। बिलासपुर में आज एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए धर्माणी ने कहा कि इस अभियान के तहत महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा–विकसित भारत जी–राम–जी अधिनियम से ग्रामीण विकास को मिलेगी नई गति।
- प्रदेश में हवाई सेवाओं की मजबूती के लिए राज्य सरकार ने दिल्ली–शिमला व शिमला–धर्मशाला मार्ग पर हवाई सेवाओं के नियमित संचालन का लिया निर्णय।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर विधायक प्राथमिकता के मामले में पक्षपात करने का लगाया आरोप।
- मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कहा–प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था व विकास में नाबार्ड का अतुलनीय योगदान।
- प्रदेश में हुई बर्फबारी के बाद 4 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 8 सौ 85 सड़कें यातायात के लिए बाधित– 3 हजार 2 सौ से अधिक बिजली ट्रॉसफार्मर ठप्प।